# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | मॉडल पेपर | पेज संख्या |
| --- | --- | --- |
| 1. | मॉडल पेपर - 01 | 1 - 20 |
| 2. | मॉडल पेपर - 02 | 21 - 40 |
| 3. | मॉडल पेपर - 03 | 41 - 60 |
| 4. | मॉडल पेपर - 04 | 61 - 80 |
| 5. | मॉडल पेपर - 05 | 81 - 100 |
| 6. | मॉडल पेपर - 06 | 101 - 120 |
| 7. | मॉडल पेपर - 07 | 121 - 140 |
| 8. | मॉडल पेपर - 08 | 141 - 161 |
| 9. | मॉडल पेपर - 09 | 162 - 181 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 182 - 200 |

**1. निम्नलिखित प्रशस्तियों को उनके समयानुसार सुमेलित कीजिए–**

| | |
|---|---|
| **A. रणकपुर प्रशस्ति** | **1.1460 ई.** |
| **B. कुम्भलगढ़ प्रशस्ति** | **2.1594 ई.** |
| **C. राज प्रशस्ति** | **3.1439 ई.** |
| **D. बीकानेर प्रशस्ति** | **4.1676 ई.** |

**कूट–**
(a) A-3, B-1, C-4, D-2 (b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-2, B-4, C-1, D-3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**2. रावशाही सिक्कों का संबंध किस राज्य से है?**
(a) करौली (b) भरतपुर
(c) अलवर (d) धौलपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**3. कालीबंगा सभ्यता के संदर्भ में सबसे असत्य कथन का चयन करें।**
(a) यह सभ्यता राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में स्थित है।
(b) कालीबंगा एक सुनियोजित शहर था, घरों के निर्माण के लिए धूप में बनी ईटों का उपयोग किया जाता था।
(c) कालीबंगा में जुताई वाले खेत का कोई प्रमाण नहीं मिला है।
(d) प्राचीन दृषद्वती और सरस्वती नदी घाटी (वर्तमान घग्गर नदी क्षेत्र) ने कालीबंगा की सभ्यता को जन्म दिया।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**4. राजस्थान में आरंभिक मानव बस्ती ...... में पाया गया है।**
(a) बागोर (b) कालीबंगा
(c) आहड (d) बैराठ
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**5. भारतीय इतिहास में राजपूत वंशों का प्रभुत्व ............ तक की अवधि के दौरान था।**
(a) आठवीं से बारहवीं शताब्दी ई.
(b) छठी से सातवीं शताब्दी ई.
(c) पाँचवीं से नौवीं शताब्दी ई.
(d) तीसरी से पाँचवीं शताब्दी ई.
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**6. गुर्जर प्रतिहार शासक मथनदेव कहां शासन करता था?**
(a) मंडोर (b) राजोरगढ़
(c) जालौर (d) मेड़ता
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**7. अजमेर के चौहानों के विषय में निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए-**
**(अ) अजयराज ने अपनी राजधानी सांभर से अजमेर स्थानांतरित की थी।**
**(ब) अजयराज ने अपनी राजधानी में प्रसिद्ध झील का निर्माण करवाया और उसका नाम आनासागर रखा।**
(a) (अ) एवं (ब) दोनों सत्य हैं। (b) केवल (ब) सत्य है।
(c) (अ) एवं (ब) दोनों असत्य हैं। (d) केवल (अ) सत्य है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**8. निम्नलिखित में से कौन, रणथंभौर के चौहान वंश का संस्थापक था ?**
(a) वाग्भट्ट (b) गोविंदराज
(c) जैत्र सिंह (d) पृथ्वीराज तृतीय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**9. चित्तौड़गढ़ में रावल समर सिंह (1273–1302 CE) के काल में साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियाँ फली-फूलीं, उस समय के प्रसिद्ध वास्तुकार/कारीगर थे:**
**1. पद्म सिंह 2. केल सिंह**
**3. शिल्पी केयलान 4. शिल्पी कर्मा**
**5. अमित सिंह सूरी**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) केवल 1, 3 और 4 (b) केवल 1, 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 2, 3, और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**10. निम्न में से किस युद्ध में महाराणा साँगा ने बाबर की सेना को 16 फरवरी, 1527 को परास्त किया था?**
(a) पानीपत (b) घाघरा
(c) खानवा (d) बयाना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**11. मारवाड़ में राठौड़ वंश के शासकों का कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–**
**1. राव सीहा 2. राव अस्थान**
**3. राव दूहड़ 4. राव रायपाल**
(a) 1, 3, 2, 4 (b) 1, 4, 3, 2
(c) 1, 3, 4, 2 (d) 1, 2, 3, 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**12. सामूगढ़ के युद्ध में दारा की पराजय का समाचार मिलते ही किस राजपूत शासक ने औरंगजेब की अधीनता स्वीकार की?**
(a) महाराजा राजसिंह (b) महाराजा जसवंतसिंह
(c) मिर्जा राजा जयसिंह (d) राव रतन राठौड़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**13. कछवाह वंश के निम्न शासकों को कालक्रमानुसार (पहले से बाद तक) व्यवस्थित कीजिए–**
**1. सवाई जयसिंह तृतीय 2. सवाई जगतसिंह**
**3. सवाई माधोसिंह द्वितीय 4. सवाई रामसिंह द्वितीय**
(a) 2, 3, 4, 1 (b) 1, 3, 2, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 2, 1, 4, 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**14. 1857 की क्रांति के समय निम्नांकित में से कौन टोंक का नवाब था?**
(a) सिराजुद्दौला (b) मीर आलम
(c) वजीरूद्दौला (d) जहानखाँ
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**15. अंग्रेजों द्वारा भीलों के विद्रोहों का दमन करने हेतु किये गये प्रयासों में निम्नांकित में से कौनसा तथ्य सही नहीं है?**
(a) 'मेवाड़ भील कॉर्ब्स' का मुख्यालय उदयपुर राज्य में 'खेरवाड़ा' में रखा गया।
(b) अंग्रेजों ने सेना द्वारा भीलों के दमन हेतु 1836 ई. में 'जोधपुर लीजन' सेना का गठन किया था।
(c) 1837 ई. में 'जोधपुर लीजन' का मुख्यालय अजमेर से सिरोही के बड़गांव में स्थानान्तरित कर दिया गया था।
(d) 1838 ई. में 'मेवाड़ भील कॉर्ब्स' की स्थापना की गई थी।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**16. घटनाओं का कालानुक्रम है?**
**1. डाबड़ा काण्ड 2. नीमूचाना काण्ड**
**3. चण्डावल काण्ड 4. मानगढ़ पहाड़ी हत्याकाण्ड**
(a) 1, 2, 4, 3 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 4, 2, 3, 1 (d) 3, 1, 4, 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**17. मारवाड़ के राजनैतिक संगठनों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए –**
**(1) मारवाड़ हितकारिणी सभा (2) मारवाड़ यूथ लीग**
**(3) मारवाड़ प्रजामण्डल (4) मारवाड़ लोक परिषद्**
(a) 1 2 3 4 (b) 1 4 3 2
(c) 1 3 4 2 (d) 4 1 3 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**18. राजस्थान के उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम विस्तार में अन्तर है-**
(a) 41 किमी. (b) 42 किमी.
(c) 40 किमी. (d) 43 किमी.
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**19. राजस्थान के जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें –**
**(i) श्रीगंगानगर (ii) जालौर**
**(iii) जोधपुर (iv) बीकानेर**
**कूट-**
(a) (ii), (i), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (iv), (iii), (ii) (d) (ii), (iv), (iii), (i)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**20. कॉलम I में चोटियों को उनकी कॉलम II ऊँचाई के अनुसार मिलाइये**

| कॉलम I (चोटियाँ) | कॉलम II (ऊँचाई) |
|---|---|
| I. खो/खोह | A. 885 मीटर (अजमेर) |
| II. रघुनाथगढ़ | B. 1727 मीटर (सिरोही) |
| III. तारागढ़ | C. 1055 मीटर (सीकर) |
| IV. गुरु शिखर | D. 920 मीटर (जयपुर) |

(a) I-B, II-D, III-A, IV-C (b) I-B, II-A, III-C, IV-D
(c) I-D, II-C, III-A, IV-B (d) I-A, II-B, III-D, IV-C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**21. निम्नलिखित कारकों में से कौनसे राजस्थान की जलवायु परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार हैं-**
**कारक:**
**1. भौगोलिक अवस्थिति 2. समुद्र से दूरी**
**3. उच्चावच लक्षण 4. वायुमण्डलीय संचरण**
(a) केवल 2, 3 (b) सभी 1, 2, 3 व 4
(c) केवल 2, 3 व 4 (d) केवल 1, 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**22. जयपुर, दौसा और अलवर जिलों में किस मृदा की प्रधानता है–**
(a) एन्टीसोल (b) इनसेप्टीसोल्स
(c) वर्टीसोल्स (d) अल्फीसोल्स
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए**

| सूची-I (मृदा के प्रकार) | सूची-II (सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषताएं) |
|---|---|
| A. लाल पीली मृदा | I. रेतीली दोमट संरचना होती है। |
| B. मरुस्थली मृदा | II. लौह अंश की मौजूदगी |
| C. काली मृदा | III. जल धारण एवं शोषण क्षमता कम पायी जाती है। |
| D. जलोढ़ मृदा | IV. चीका प्रधान मृदा |

(a) A-II, B-III, C-IV, D-I (b) A-I, B-III, C-II, D-IV
(c) A-II, B-IV, C-I, D-III (d) A-I, B-III, C-IV, D-II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**24. राजस्थान की एक नदी जो अन्त:प्रवाह प्रणाली के अन्तर्गत नहीं है?**
(a) जाखम (b) कांतली
(c) काकनी (d) घग्घर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**25. सही कथनों का चयन कीजिए-**
**1. लूनी नदी क्रम का अधिकांश अपवाह क्षेत्र राजस्थान में है।**
**2. खारी नदी बनास नदी की सहायक नदी है।**
**3. बनास नदी खमनौर की पहाड़ियों से निकलती है।**
(a) 1 और 3 सही हैं। (b) 1, 2 और 3 सही हैं।
(c) 1 और 2 सही हैं। (d) 2 और 3 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**26. भारत की सबसे बड़ी स्थलबद्ध खारे पानी की झील राजस्थान में है। निम्नलिखित में से यह कौनसी है?**
(a) सांभर (b) डीडवाना
(c) लूणकरणसर (d) पचपदरा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**27. निम्न में से कौन सी परम्परागत जल संरक्षण की विधि नहीं है?**
(a) नाड़ी (b) खड़ीन
(c) तालाब (d) टांका
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**28. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए –**

| सूची -I (बाँध) | सूची II (नदी) |
|---|---|
| A. बीसलपुर | I. चंबल |
| B. अरवार | II. कोठारी |
| C. जवाहर सागर | III. बनास |
| D. मेज़ा | IV. खारी |

(a) A-III, B-IV, C-I, D-II (b) A-III, B-IV, C-II, D-I
(c) A-III, B-II, C-IV, D-I (d) A-IV, B-I, C-III, D-II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**29. राजस्थान में शुष्क सागवान वन कहाँ पाए जाते हैं?**
(a) पश्चिमी राजस्थान (b) आबू पर्वतीय क्षेत्र
(c) डूंगरपुर, बाँसवाड़ा (d) अलवर, भरतपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**30. वनों का जिलों से सुमेलन करें।**

| वन | ज़िला |
|---|---|
| A. शुष्क वन | I. अलवर |
| B. सदाबहार वन | II. बांसवाड़ा |
| C. मिश्रित पतझड़ वन | III. माउण्ट आबू |
| D. शुष्क सागवान वन | IV. जैसलमेर |

(a) A-IV, B-III, C-II, D-I (b) A-I, B-II, C-III, D-IV
(c) A-II, B-III, C-I, D-IV (d) A-IV, B-III, C-I, D-II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**31. सूची-I को सूची-II से मिलाइए :**

| सूची-I (अभयारण्य) | सूची-II (स्थान) |
|---|---|
| A. बंध बरेठा अभयारण्य | I. चित्तौड़गढ़ |
| B. वन विहार अभयारण्य | II. उदयपुर |
| C. बस्सी अभयारण्य | III. धौलपुर |
| D. जयसमंद अभयारण्य | IV. भरतपुर |

**निम्नलिखित विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(a) A-I, B-II, C-III, D-IV (b) A-IV, B-III, C-I, D-II
(c) A-III, B-II, C-IV, D-I (d) A-II, B-I, C-III, D-IV
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**32. स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय इनमें से किस शहर में स्थित है?**
(a) बीकानेर (b) अलवर
(c) कोटा (d) उदयपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**33. निम्नलिखित में से कौन-सी भेड़ की नस्लें हैं -**
**1. मगरा 2. चोकला**
**3. जैसलमेरी 4. मालपुरा**
**निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:**
(a) केवल 2, 3 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) सभी 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**34. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए –**

| सूची-I (पशुधन) | सूची-II (नस्ल) |
|---|---|
| A. भेड़ | (i) सूरती |
| B. गौवंश | (ii) नाली |
| C. भैंस | (iii) बरबरी |
| D. बकरी | (iv) सांचोरी |

**कूट :**
(a) A-iii B-i C-iv D-ii (b) A-ii B-iv C-iii D-i
(c) A-ii B-iv C-i D-iii (d) A-iv B-iii C-i D-ii
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**35. निम्नलिखित सूची-I (किलों) का सूची-II (मंदिरों/ किलों के अन्दर स्थित दरगाहों) के साथ मिलान कर सही उत्तर चुनें-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. आमेर किला, जयपुर | 1. दरगाह मीरान साहिब |
| B. तारागढ़, अजमेर | 2. दरगाह मीठे साहिब |
| C. गागरोण, झालावाड़ | 3. शिलादेवी मंदिर |
| D. मेहरानगढ़, जोधपुर | 4. चामुण्डा माता मंदिर |

(a) A-3, B-1, C-2, D-4 (b) A-3, B-2, C-1, D-4
(c) A-4, B-1, C-2, D-3 (d) A-1, B-2, C-4, D-3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**36. अलवर के बाला किला के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) भरतपुर के राजा सूरजमल ने किले के अंदर एक जलाशय सूर्य कुण्ड बनवाया।
(b) निकुंभों की चतुर्भुज देवी किले में स्थापित हैं।
(c) इसमें 15 बड़े और 52 छोटे बुर्ज हैं।
(d) विनयसिंह द्वारा हवा बंगला बुर्ज बनवाया गया था।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**37. बूँदी में 'रंगमहल' का निर्माण करवाया?**
(a) रतन (b) भावसिंह
(c) छत्रसाल (d) माधोसिंह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**38. छतरी-स्थल के गलत युग्म चुनिए-**
**1. 84 खंभों की छतरी - कोटा**
**2. ब्राह्मण देवता की छतरी - मण्डोर**
**3. मामा भांजा की छतरी - जयपुर**
**4. कुंवर पृथ्वीराज की छतरी - कुंभलगढ़**
(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 1 और 4 (d) केवल 1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**39. मेड़तणीजी की बावड़ी स्थित है-**
(a) सीकर (b) झुन्झुनूं
(c) जोधपुर (d) बूंदी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**40. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| मन्दिर | - स्थान |
|---|---|
| (a) द्वारिकाधीश मन्दिर | - कांकरोली |
| (b) सुंधा माता मन्दिर | - भीनमाल |
| (c) आई माता मन्दिर | - बिलाड़ा |
| (d) ज्वाला माता मन्दिर | – तलवाड़ा |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**41. उस स्थान को चिह्नित कीजिए जो किसी भी प्रकार तेजाजी से संबंधित नहीं है?**
(a) पिचियाक (b) परबतसर
(c) सुरसुरा (d) खड़नाल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**42. सुमेलित कीजिए-**
**(A) सिंहथल शाखा (1) संत रामचरण**
**(B) रैण शाखा (2) संत हरिराम दास**
**(C) खेड़ापा शाखा (3) संत रामदास**
**(D) शाहपुरा शाखा (4) संत दरियाव**
(a) A-1, B-3, C-2, D-4 (b) A-2, B-4, C-3, D-1
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-3, B-1, C-4, D-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**43. गणगौर के अवसर पर होली की राख से बने केक (पिंडिया) की .... के अंकुरों के साथ पूजा की जाती है।**
(a) चावल (b) बाजरा
(c) जौ (d) मकई
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**44. चित्रकला की किशनगढ़ शैली के विषय में कौन से कथन सही हैं?**
**A. राधा और कृष्ण का रूप सौंदर्य ही चित्रांकन का मुख्य विषय है ।**
**B. अधिकांश चित्रों में स्त्रियों का पहनावा लहँगा, चोली और पारदर्शी आँचल हैं।**
**C. इस शैली के चित्रकार सीताराम, भवानीदास एवं कल्याणदास हैं ।**
**सही विकल्प चुनिए :**
(a) A, B और C
(b) A और B
(c) B और C
(d) A और C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**45. राजस्थान की प्रसिद्ध लोक कला 'बेवाण' है-**
(a) खादी के कपड़े पर लोक देवता के जीवन को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करना।
(b) लकड़ी से निर्मित सिंहासन जिस पर ठाकुर जी की मूर्ति को श्रृंगारित करके बैठाया जाता है।
(c) लकड़ी से निर्मित तलवारनुमा आकृति जिसका उपयोग रामलीला नाटक में किया जाता है।
(d) कपाटों युक्त लकड़ी से निर्मित मंदिरनुमा आकृति।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**46. 'गवरी' के बारे में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है?**
(a) यह लोक नाट्य कला की एक विधा है।
(b) यह पुरुष तथा स्त्री दोनों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।
(c) यह मुख्यतः भील संस्कृति से जुड़ा है।
(d) यह मेवाड़ क्षेत्र से निकटता से जुड़ा है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**47. सुमेलित नहीं है-**
(a) घोड़ी गीत - वर निकासी के समय घुड़-चढ़ी रस्म के समय
(b) जच्चा गीत - परिवार में बालक के जन्म के समय
(c) जला गीत - बालक के जन्म के पश्चात् कुआं पूजन के समय
(d) रसिया गीत - होलिकोत्सव पर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**48. लोक वाद्ययंत्र 'चौतारा' के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए :**
**A. यह चार तारों वाला वाद्ययंत्र है।**
**B. यह सामान्यतः रामदेवजी के भजन गाने में प्रयुक्त होता है।**
(a) A और B दोनों सत्य हैं। (b) A और B दोनों असत्य हैं।
(c) केवल A सत्य है। (d) केवल B सत्य है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**49. सुमेलित कीजिए-**
**शरीर के अंग गहने**
**(A) कान (1) कन्दोरा**
**(B) गला (2) दामणा**
**(C) अंगुलियाँ (3) मांदल्या**
**(D) कमर (4) अंगोटिया**
**कूट:**
(a) A-1, B-3, C-2, D-4 (b) A-1, B-2, C-3, D-4
(c) A-2, B-4, C-1, D-3 (d) A-4, B-3, C-2, D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**50. 'वंश भास्कर' का रचयिता है?**
(a) बाँकीदास (b) गौरीशंकर
(c) जानकवि (d) सूर्यमल्ल मिश्रण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**51. निम्नलिखित में से किस भूगोलवेत्ता ने मानव भूगोल की नींव रखी?**
(a) हेटनर (b) हम्बोल्ट
(c) रिटर (d) रेट्जेल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**52. प्रादेशिक उपागम के आधार पर भूगोल की शाखाएँ है-**
**1. प्रादेशिक तथा क्षेत्रीय अध्ययन**
**2. प्रादेशिक विकास का अध्ययन**
**3. प्रादेशिक विवेचना तथा विश्लेषण का भूगोल**
**4. नगर एवं ग्रामीण नियोजन का भूगोल**
**कूट –**
(a) 1, 3 व 4 (b) 2, 3 व 4
(c) 1, 2 व 3 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**53. पृथ्वी की उत्पत्ति से संबंधित ज्वारीय परिकल्पना का प्रतिपादन किसने किया?**
(a) काप्ट (b) लाप्लास
(c) सर जेम्स जींस (d) जेफ्रीज़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**54. अल्फ्रेड वेगेनर द्वारा वर्णित महाद्वीपीय बहाव से पहले एकल महाद्वीपीय द्रव्यमान को घेरने वाले मेगा-महासागर का नाम क्या था?**
(a) पनामा (b) पिगमैलियन
(c) पैंजिया (d) पैंथालासा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**55. पृथ्वी की सतह से केंद्र की ओर तापमान कैसे बदलता है?**
(a) समान रहता है (b) घटता है
(c) बढ़ता है (d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**56. सियाल, सीमा और नीफे हैं -**
(a) पर्वतों के प्रकार (b) भूकंप तरंगें
(c) पृथ्वी की परतें (d) ज्वालामुखी स्थलाकृतियाँ
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**57. निम्नलिखित महासागरों में से कौन-सा सम्भवतया पैंथालासा का अवशिष्ट भाग है?**
(a) हिन्द महासागर (b) आर्कटिक महासागर
(c) अन्ध महासागर (d) प्रशान्त महासागर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**58. जिस महासागर/सागर से 0° देशान्तर गुजरती है, वह है-**
(a) बाल्टिक (b) हिन्द
(c) अटलांटिक (d) प्रशांत
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**59. महासागरीय धाराओं की उत्पत्ति में कौन-सा कारक उत्तरदायी नहीं है?**
(a) वाष्पीकरण व वर्षा
(b) महासागरीय लवणता में भिन्नता
(c) चन्द्रमा की आकर्षण शक्ति
(d) पृथ्वी की परिभ्रमण गति
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. ऑस्ट्रेलिया का क्षेत्र अण्टार्कटिका से अधिक है।**
**2. यूरोप का क्षेत्र दक्षिणी अमेरिका से कम है।**
**3. उत्तरी अमेरिका का क्षेत्र यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त क्षेत्र से अधिक है।**
(a) 1 और 2 सही हैं (b) 2 और 3 सही हैं
(c) 1 और 3 सही हैं (d) 1, 2 और 3 सही हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**61. निम्नलिखित में से कौनसी आग्नेय चट्टान नहीं है?**
(a) पिग्मेटाइट (b) गेसेराइट
(c) गैब्रो (d) ज्वालामुखीय ब्रेसिया
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**62. शैल के एक प्रकार से दूसरे प्रकार में परिवर्तित होने की प्रक्रिया को कहते हैं :**
(a) शैल अपघटन (b) शैल निर्माण
(c) शैल परिवर्तन (d) शैल-चक्र
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**63. टॉर, ब्लॉक पर्वत, भ्रंश घाटियाँ, नग्न चट्टानी संरचनाएँ भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र की भूआकृति विशेषताएँ हैं-**
(a) भारतीय मरुस्थल (b) भारत के उत्तरी मैदान
(c) भारतीय द्वीप समूह (d) भारत का प्रायद्वीपीय पठार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**64. U आकार की घाटी निर्मित होती है-**
(a) भूमिगत जल द्वारा (b) हवाओं द्वारा
(c) नदियों द्वारा (d) हिमानी द्वारा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**65. पृथ्वी की सतह का कितना प्रतिशत भाग पानी से घिरा है?**
(a) 80 (b) 60
(c) 50 (d) 71
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**66. वायुमंडल की किस परत का तापमान सबसे कम होता है?**
(a) क्षोभमंडल (b) समतापमंडल
(c) मध्यमंडल (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**67. दूरसंचार के लिए वायुमंडल की किस परत का प्रयोग किया जाता है?**
(a) मध्यमंडल (b) आयन मंडल
(c) क्षोभ मंडल (d) समताप मंडल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**68. वायुमंडल में उष्मा संचलन के संबंध में नीचे दिये गए युग्मों पर विचार कीजिये:**
**1. पृथ्वी के संपर्क में आने वाली वायुमंडल की परत का गर्म होना – चालन**
**2. वायुमंडल के लंबवत् तापन की प्रक्रिया – संवहन**
**3. वायु के क्षैतिज संचलन से ताप का स्थानांतरण – अभिवहन**
**उपरोक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**
(a) केवल 2
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**69. कथन एवं कारण पर विचार कीजिए :**
**कथन: पवनों द्वारा ताप का स्थानांतरण एक स्थान से दूसरे स्थान पर होता है।**
**कारण: पृथ्वी के अलग-अलग भागों में ताप की मात्रा समान नहीं होती है।**
(a) कथन सही है, कारण भी सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(b) कथन सही है, कारण भी सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) कथन सही है, कारण गलत है।
(d) कथन गलत है, कारण सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**
**भूमण्डलीय पवनें प्रमुखतया निर्भर करती हैं :**
**A. वायुदाब पेटियों का उद्भव**
**B. पृथ्वी का घूर्णन C. वायुमण्डलीय आर्द्रता**
**D. महाद्वीपों और महासागरों का वितरण**
(a) A, B और C (b) B, C और D
(c) A, C और D (d) A, B और D
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**71. दबाव पेटियों के मौसमी स्थानान्तरण के कारण पछुआ पवनें-**
(a) कर्क रेखा की ओर सरकती हैं।
(b) गर्मियों में ध्रुवों की ओर एवं सर्दियों में विषुवत रेखा की ओर सरकती हैं।
(c) मकर रेखा की ओर सरकती हैं।
(d) गर्मियों में विषुवत रेखा की ओर एवं सर्दियों में ध्रुवों की ओर सरकती हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**72. निम्नलिखित में से उष्णकटिबंधों की स्थाई पवन कौनसी है?**
(a) ध्रुवीय पवन (b) चिनूक पवन
(c) व्यापारिक पवन (d) पछुआ पवन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**73. वाष्पन के कारण शीतलन की प्रक्रिया तब धीमी होती है जब वायुमण्डल में जल के खुले पृष्ठ का क्षेत्रफल-**
(a) बढ़ता है और वायुमण्डलीय ताप उच्च होता है।
(b) घटता है और वायुमण्डलीय ताप निम्न होता है।
(c) बढ़ता है और वायुमण्डलीय ताप निम्न होता है।
(d) घटता है और वायुमण्डलीय ताप उच्च होता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**74. जल चक्र, पृथ्वी के भीतर तथा वायुमंडल में, पानी की अनवरत् गति को दर्शाता है तथा इसमें कई विभिन्न प्रक्रियाएँ सम्मिलित हैं। इसमें सम्मिलित विविध प्रक्रियाओं को दिखाने वाले सही विकल्प का चुनाव कीजिए।**
(a) संघनन, वाष्पीकरण, वाष्पोत्सर्जन, अवक्षेपण
(b) वाष्पोत्सर्जन, संघनन, वाष्पीकरण, अवक्षेपण
(c) अवक्षेपण, वाष्पीकरण, वाष्पोत्सर्जन, संघनन
(d) वाष्पीकरण, वाष्पोत्सर्जन, संघनन, अवक्षेपण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**75. पी. कोटेश्वरम ने आधुनिक सिद्धान्तों में से एक दिया जो सम्बन्धित है :**
(a) टॉरनेडो (b) पश्चिमी विक्षोभ
(c) मानसून की उत्पत्ति (d) एल-नीनो
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**76. कैसी जलवायु स्थितियों में, कांटेदार झाड़ियों का निर्माण होता है?**
(a) ठंडी उष्णकटिबंधीय जलवायु
(b) आर्द्र कटिबन्धीय जलवायु
(c) शीत ध्रुवीय जलवायु
(d) शुष्क रेगिस्तानी जलवायु
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**77. कोपेन की विश्व जलवायु वर्गीकरण में 'Aw' के लिए निम्नलिखित में से किसका वर्णन सही है?**
(a) उष्णकटिबंधीय मानसून जलवायु
(b) समुद्री पश्चिम तट जलवायु
(c) उष्णकटिबंधीय आर्द्र जलवायु
(d) उष्णकटिबंधीय सवाना जलवायु
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**78. कौनसा (उष्ण कटिबन्धीय चक्रवात प्रभावित क्षेत्र) सही सुमेलित नहीं है-**
(a) टायफून – पश्चिमी प्रशांत महासागर
(b) हरिकेन – अटलांटिक महासागर
(c) चक्रवात/सायक्लोन – हिन्द महासागर
(d) विली-विलीज – दक्षिण चीन सागर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**79. निम्नलिखित में से कौन प्रशांत महासागर का एक गर्म महासागरीय प्रवाह है?**
(a) कैनरी करंट (b) लैब्राडोर करंट
(c) हम्बोल्ट करंट (d) कुरोशियो करंट
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**80. निम्नलिखित में से कौनसा / से कथन सही है / हैं?**
**(A) दक्षिणी गोलार्द्ध में उत्तर पश्चिमी पछुआ पवनें चलती हैं।**
**(B) सभी भूमंडलीय पवनों में व्यापारिक पवनें सबसे नियमित रूप से चलती हैं।**
**(C) ध्रुवीय पूर्वी पवनें उपध्रुवीय क्षेत्र से ध्रुवीय क्षेत्र की ओर चलती हैं।**
**(D) व्यापारिक पवनों की अपेक्षा पछुआ पवनें अधिक स्थिर होती हैं।**
(a) (A) तथा (D) सही हैं (b) (A) तथा (B) सही हैं
(c) (B) तथा (C) सही हैं (d) केवल (B) सही है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**81. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
**कथन-1: वर्षा चट्टानों के अपक्षय का एक कारण है।**
**कथन-2: वर्षा के पानी में कार्बन डाइऑक्साइड घोल में होती है।**
**कथन-3: वर्षा के पानी में वायुमंडलीय ऑक्सीजन होती है।**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**
(a) कथन-2 और कथन-3 दोनों सही हैं, लेकिन उनमें से केवल एक ही कथन-1 की व्याख्या करता है
(b) न तो कथन-2 और न ही कथन-3 सही है
(c) कथन-2 और कथन-3 दोनों सही हैं और दोनों कथन-1 की व्याख्या करते हैं
(d) कथन 2 और 3 में से केवल एक ही सही है और वह कथन-1 की व्याख्या करता है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**82. निम्नलिखित में से भारत की अधिकतम उत्तरीय अक्षांश क्या है?**
(a) 8° 4' (b) 35° 6'
(c) 37° 6' (d) 37° 8' दक्षिण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**83. भारतीय सीमा पर पूर्व से पश्चिम की ओर स्थित दरों को व्यवस्थित करें-**
(a) जेलेप ला, नीति, दीफू, रोहतांग ला
(b) दीफू, जेलेप ला, नीति, रोहतांग ला
(c) रोहतांग ला, जेलेप ला, दीफू, नीति
(d) जेलेप ला, रोहतांग ला, दीफू, नीति
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**84. निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. कश्मीर हिमालय 'करेवा' निर्माण के लिये प्रसिद्ध हैं।**
**2. नालागढ़ दून सभी दूनों में सबसे बड़ा है।**
**3. नामचा बरवा पर्वत शिखर अरुणाचल हिमालय में स्थित है।**
**4. फूलों की घाटी हिमाचल और उत्तराखण्ड हिमालय में स्थित है।**
**कूट-**
(a) 1, 2 और 3 सही हैं। (b) 2 और 3 सही हैं।
(c) 1, 3 और 4 सही हैं। (d) 1, 2, 3 और 4 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**85. निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें:**
**हिल्स - क्षेत्र**
**1. कार्डामम हिल्स - कार्डामम हिल्स**
**2. कैमूर पहाड़ियाँ - कोंकण तट**
**3. महादेव हिल्स - मध्य भारत**
**4. मिकिर हिल्स - पूर्वोत्तर भारत**
**उपर्युक्त में से कौन से युग्म सही सुमेलित हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 4
(c) केवल 3 और 4 (d) केवल 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**86. प्रयागराज के पश्चिम से पूर्व की ओर गंगा में मिलने वाली हिमालयी नदियों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा क्रम सही है?**
(a) घाघरा–गोमती–गंडक–कोसी
(b) गोमती–घाघरा–गंडक–कोसी
(c) गोमती–घाघरा–कोसी–गंडक
(d) घाघरा–गोमती–कोसी–गंडक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**87. नर्मदा नदी पश्चिम की ओर बहती है, जबकि अधिकांश अन्य बड़ी प्रायद्वीपीय नदियाँ पूर्व की ओर बहती हैं। क्यों?**
**1. यह एक रेखीय दरार घाटी में स्थित है।**
**2. यह विंध्य और सतपुड़ा के बीच बहती है।**
**3. यह भूमि मध्य भारत से पश्चिम की ओर झुकी हुई है।**
**नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें।**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**88. भारतीय मानसून के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा सही नहीं है?**
(a) भारतीय मानसून एक ग्रहीय पवन है।
(b) भारतीय उपमहाद्वीप में हर छः माह में हवाओं का क्रम पूर्णतः उलट जाता है।
(c) तिब्बत का पठार, मानसून के आगमन को प्रभावित करता है।
(d) 'मोनेक्स' का सम्बन्ध भारतीय मानसून के अनुसंधान अभियान से है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**89. शीत ऋतु में पश्चिमी जेट स्ट्रीम की सामान्य स्थिति रहती है-**
(a) विन्ध्याचल पर्वत के तलहटी के साथ
(b) कर्नाटक पठार के साथ
(c) कर्करेखा के ठीक उत्तर में
(d) हिमाचल के दक्षिणी ढाल के साथ
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**90. सदाबहार जंगल (वन) कहा पर नहीं पाए जाते है-**
(a) असम और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र
(b) पश्चिमी घाट के पश्चिमी ढलानों
(c) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(d) दक्षिण पश्चिम पंजाब, पश्चिमी राजस्थान
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**91. भारत में ऊष्णकटिबन्धीय शुष्क सदाबहार वन पाये जाते हैं:-**
(a) तमिलनाडु तट के सहारे (b) ओडिशा तट के सहारे
(c) गुजरात तट के सहारे (d) केरल तट के सहारे
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**92. भारत की लैटेराइट मृदा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**
**1. वे आमतौर पर लाल रंग के होते हैं।**
**2. इनमें नाइट्रोजन और पोटाश प्रचुर मात्रा में होता है।**
**3. राजस्थान और उत्तर प्रदेश में इनका अच्छा विकास हुआ है।**
**4. टैपिओका और काजू इन मिट्टियों में अच्छी तरह उगते हैं।**
(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 4
(d) केवल 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**93. लवणीय मृदा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**
(a) यह शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में पाई जाती है।
(b) लवणीय मृदा में सोडियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम की अधिक मात्रा होती है और इसलिए यह उपजाऊ होती है।
(c) मुख्यतः शुष्क जलवायु और खराब जल निकासी के कारण इसमें लवणों की अधिकता हो जाती है।
(d) इसे ऊसर मृदा के नाम से भी जाना जाता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**94. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
**1. बैरेन द्वीप ज्वालामुखी भारतीय क्षेत्र में स्थित एक सक्रिय ज्वालामुखी है।**
**2. बैरन द्वीप ग्रेट निकोबार से लगभग 140 किमी पूर्व में स्थित है।**
**3. बैरेन द्वीप पर आखिरी बार ज्वालामुखी 1991 में फटा था और तब से यह निष्क्रिय है।**
**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**95. राज्यों, नगरों, शहरों तथा गांवों और विभिन्न राज्यों तथा देशों की सीमाओं को दर्शाने वाले मानचित्र को कहते हैं-**
(a) आर्थिक मानचित्र (b) थिमैटिक मानचित्र
(c) भौतिक मानचित्र (d) राजनीतिक मानचित्र
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**96. ग्लोब पर वह वृत्त जो दिन एवं रात को विभाजित करता है, कहलाता है?**
(a) भूमध्यरेखीय वृत्त (b) उत्तर अयनांत
(c) दीर्घवृत्ताकार पथ (d) प्रदीप्ति वृत्त
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**97. जब प्रकाश के स्रोत को ग्लोब के मध्य रखा जाता है तथा प्राप्त प्रक्षेप को कहते हैं-**
(a) लम्बकोणीय (b) त्रिविम
(c) ग्नोमोनिक (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**98. स्थलाकृतिक मानचित्र पर समोच्च अंतराल का प्रतिनिधित्व करता है-**
(a) दो आसन्न आकृति के बीच की दूरी
(b) दो शहरों के बीच की दूरी
(c) मानचित्र का पैमाना
(d) देशांतर और अक्षांश रेखाएँ
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**99. स्थलाकृतिक मानचित्रों पर आमतौर पर किस प्रकार का मानचित्र पैमाना पाया जाता है?**
(a) मौखिक पैमाना (b) रेखीय पैमाना
(c) तुलनात्मक पैमाना (d) ग्राफिक स्केल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**100. भूस्थैतिक उपग्रह स्थापित किए जाते हैं-**
(a) पृथ्वी तल से 16000 किमी की ऊँचाई पर
(b) पृथ्वी तल से 100 किमी की ऊँचाई पर
(c) पृथ्वी तल से 700–900 किमी की ऊँचाई पर
(d) पृथ्वी तल से 36000 किमी की ऊँचाई पर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**101. वायुगति दर्शन यन्त्र का उपयोग मापने के लिए किया जाता है।**
(a) वायु का तापमान (b) वायु वेग
(c) वायु की दिशा (d) वायु का दाब
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**102. नव निश्चयवाद विचारधारा को और क्या कहा जाता है?**
(a) भौगोलिक निश्चयवाद (b) संभावनावाद
(c) रुको और जाओ निश्चयवाद (d) स्वतंत्रता विचारधारा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**103. भारत के 'चांगपा' समुदाय के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**
**1. वे मुख्यतः उत्तराखंड राज्य में रहते हैं।**
**2. वे पश्मीना बकरियां पालते हैं जिनसे बढ़िया ऊन प्राप्त होती है।**
**3. उन्हें अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में रखा गया है।**
**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**104. जनसंख्या अनुपात किसे कहते हैं -**
(a) जनसंख्या घनत्व के आकलन को
(b) जनसंख्या के पाँच अधिक घटकों की तुलना को
(c) जनसंख्या डेटा के असंबंधित घटकों के मूल्यांकन को
(d) जनसंख्या के दो घटकों के बीच संतुलन की स्थिति (डिग्री) को
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**105. कौन सा कथन जनसांख्यिकीय संक्रमण और प्रतिस्थापन स्तर के बीच संबंध को सबसे अच्छी तरह से समझाता है?**
(a) तीसरे चरण में, प्रजनन क्षमता प्रतिस्थापन स्तर के करीब पहुंचने लगती है
(b) स्थिरीकरण तब शुरू होता है जब प्रजनन क्षमता प्रतिस्थापन से नीचे चली जाती है
(c) उच्च से निम्न विकास की ओर बढ़ना प्रतिस्थापन स्तर तक पहुंचने के अनुरूप है
(d) प्रतिस्थापन स्तर का जनसांख्यिकीय बदलाव से कोई संबंध नहीं है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**106. भारत की जनगणना 2011 के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-**
**(A) भारत का लिंगानुपात प्रति हजार पुरुषों पर 940 महिलाएं हैं।**
**(B) हरियाणा में भारत में सबसे कम लिंगानुपात है, जहां प्रति 1000 पुरुषों पर सिर्फ 877 महिलाएं हैं।**
**गलत उत्तर चुनें -**
(a) (A) केवल (b) (B) केवल
(c) (A) और (B) दोनों (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**107. मानव विकास सूचकांक (HDI) की गणना करने के लिए निम्नलिखित में से किस संकेतक का उपयोग नहीं किया जाता है?**
(a) प्रति व्यक्ति आय (b) सामाजिक असमानता
(c) शिक्षा (d) जीवन प्रत्याशा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**108. निम्न में से किस प्रकार की बस्तियां झीलों एवम तालाबो आदि क्षेत्री के चारों ओर विकसित होती हैं?**
(a) रैखिक (b) टी आकार
(c) वृत्ताकार (d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**109. वह बस्ती जिनमें मकान एक-दूसरे के समीप बनाए जाते हैं, कहलाती है-**
(a) रैखिक बस्ती (b) प्रकीर्ण बस्ती
(c) संहत बस्ती (d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**110. भारत में, कौन सा क्षेत्र प्राकृतिक उत्पादों को निर्मित वस्तुओं में बदलने के लिए ज़िम्मेदार है?**
(a) प्राथमिक क्षेत्र (b) सूचना क्षेत्र
(c) तृतीयक क्षेत्र (d) द्वितीयक क्षेत्र
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**111. कैनेडियन पेसेफिक रेलमार्ग जोड़ता है-**
(a) कैलगरी को मॉन्ट्रियल (b) वैंकूवर को पोर्ट आर्थर
(c) वैंकूवर को हैलीफैक्स (d) कैलगरी को हैलीफैक्स
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**112. पनामा नहर किन दो महासागरों को जोड़ती है?**
(a) प्रशांत और हिंद महासागर
(b) अटलांटिक और प्रशांत महासागर
(c) उत्तरी और दक्षिणी प्रशांत महासागर
(d) अटलांटिक और हिंद महासागर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**113. माल के निर्यात और आयात के संतुलन को क्या कहा जाता है-**
(a) चालू खाता घाटा (b) चालू खाता
(c) चालू खाता शेष (d) व्यापार का संतुलन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**114. आई यू सी एन (IUCN) की रेड लिस्ट को कहा गया है-**
(a) जीवन का थर्मामीटर (b) जीवन का दर्पण
(c) धरती का हाइड्रोमीटर (d) जीवन का बैरोमीटर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**115. ब्रंटलैंड रिपोर्ट किससे संबंधित है -**
(a) सतत विकास (b) आर्थिक विकास
(c) मानव विकास (d) कृषि विकास
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**116. सतत विकास के प्राथमिक लक्ष्य क्या हैं?**
**(i) गरीबी और भूख को समाप्त करना।**
**(ii) शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल के बेहतर मानक खासकर जब यह पानी की गुणवत्ता और बेहतर स्वच्छता से संबंधित है।**
**(iii) लैंगिक समानता प्राप्त करना।**
**(iv) नौकरियों और मजबूत अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देते हुए सतत आर्थिक विकास।**
(a) i और iii (b) i, iii और iv
(c) ii और iii (d) i, ii, iii और iv
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**117. भारत में खनिजों में सबसे समृद्ध पठार.......... है।**
(a) दक्कन का पठार (b) मालवा का पठार
(c) मैसूर का पठार (d) छोटा नागपुर पठार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**118. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
**1. प्राकृतिक गैस गोंडवाना तल में पाई जाती है।**
**2. कोडरमा में अभ्रक प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।**
**3. धारवाड़ पेट्रोलियम के लिए प्रसिद्ध है।**
**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3 (d) कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**119. विश्व में कोयले का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन-सा है?**
(a) रूस (b) कनाडा
(c) यूनाइटेड किंगडम (d) चीन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**120. भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किसे पर्यावरण अनुकूल कृषि का अभ्यास माना जाता है?**
**1. फसल विविधीकरण**
**2. फलीदार पौधों की खेती में तेजी**
**3. टेंसिओमीटर का उपयोग**
**4. ऊर्ध्वाधर खेती**
**नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 3
(c) केवल 4 (d) 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**121. निम्नलिखित में से कौन सी पद्धति कृषि में जल संरक्षण में सहायक हो सकती है?**
**1. भूमि की कम या शून्य जुताई**
**2. खेत की सिंचाई से पहले जिप्सम का प्रयोग**
**3. फसल अवशेषों को खेत में ही रहने देना**
**नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**122. निम्नलिखित फसलों पर विचार करें**
**1. कपास 2. मूंगफली**
**3. चावल 4. गेहूँ**
**इनमें से कौन-सी खरीफ फसलें हैं?**
(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3 (d) केवल 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**123. निम्नलिखित में से चावल की तीन फसलें अमन, औस और बोरो उगाने वाला राज्य समूह है -**
(a) पंजाब एवं हरियाणा (b) केरल एवं तमिलनाडु
(c) पश्चिम बंगाल एवं असम (d) पश्चिम बंगाल एवं पंजाब
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**124. निम्न में से कौनसा औद्योगिक प्रदेश भारी धात्विक उद्योगों के लिए जाना जाता है -**
(a) मुम्बई – पुणे औद्योगिक प्रदेश
(b) गुरुग्राम – दिल्ली – मेरठ औद्योगिक प्रदेश
(c) कोलकाता – हुगली औद्योगिक प्रदेश
(d) छोटा नागपुर औद्योगिक प्रदेश
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**125. प्रादेशिक नियोजन एवं विकास में सन्तुलित वृद्धि उपागम के प्रवर्तक कौन थे?**
(a) आर. नर्क्स
(b) मिर्डल एवं हार्शमैन
(c) जे. आर. हिक्स
(d) जे. फ्रीडमेन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**126. निम्नलिखित में से कौन-सा सतत विकास या धारणीय विकास लक्ष्य सभी के लिए जल और स्वच्छता की उपलब्धता और सतत प्रबंधन सुनिश्चित करता है?**
(a) SDG 7
(b) SDG 5
(c) SDG 4
(d) SDG 6
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**127. निम्नलिखित खनिज और उनके राज्यों के बीच कौन-सा मिलान सही है?**
**1. जिप्सम – राजस्थान 2. ग्रेफाइट – अरुणाचल प्रदेश**
**3. फ्लोरस्पार – गुजरात 4. निकेल – उड़ीसा**
(a) 1 और 3 (b) 2 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**128. निम्नलिखित में से हम्बोल्ट धारा किस नाम से जानी जाती है?**
(a) ब्राजील धारा (b) फॉकलैण्ड धारा
(c) पीरू धारा (d) कैलिफोर्निया धारा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**129. महासागरीय धाराएँ किसकी दिशात्मक गतियाँ हैं?**
(a) विद्युत आवेश (b) यांत्रिक आवेश
(c) समुद्री जल (d) समुद्री जल में नमक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**130. कौन-सा भू-आकार 'विश्व की छत' के नाम से जाना जाता है?**
(a) महा हिमालय (b) पामीर का पठार
(c) तिब्बत का पठार (d) दक्षिण का पठार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**131. निम्नलिखित महाद्वीपों में से किसमें 'अमेज़न वन' अवस्थित है?**
(a) उत्तर अमेरिका
(b) अफ्रीका
(c) ऑस्ट्रेलिया
(d) दक्षिण अमेरिका
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**132. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**
(a) चंबल – राजस्थान, गुजरात
(b) माही बजाज सागर – राजस्थान, गुजरात
(c) सरदार सरोवर – राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश
(d) भाखड़ा-नांगल – राजस्थान, पंजाब, हरियाणा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**133. नीचे दो कथन दिए गए हैं-**
**कथन (I): चम्बल परियोजना मध्य प्रदेश और राजस्थान की संयुक्त परियोजना है।**
**कथन (II): माही ऊर्जा परियोजना राजस्थान में उदयपुर के पास स्थित है।**
(a) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है
(b) दोनों कथन गलत हैं
(c) दोनों कथन सही हैं
(d) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**134. ग्रेनाइट किस प्रकार का रॉक है?**
(a) आग्नेय
(b) अवसादी
(c) रूपांतरित
(d) क्रिस्टलीय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**135. विभिन्न क्षेत्रों में जनसंख्या घनत्व को दर्शाने के लिए कौन-सी तकनीक सबसे उपयुक्त है?**
(a) प्रवाह मानचित्र
(b) डेसिमेट्रिक मानचित्र
(c) इसारिदमिक मानचित्र
(d) कोरोप्लेथ मानचित्र
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**136. निम्नलिखित में से कौन-सा 'थिमेटिक मानचित्र' है?**
(a) राजधानियों को दर्शाने वाले मानचित्र
(b) नदियों को दर्शाने वाले मानचित्र
(c) वर्षा वितरण मानचित्र
(d) गाँवों को दर्शाने वाले मानचित्र
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**137. द्वितीयक आँकड़े कौन-से होते हैं?**
(a) सीधे व्यक्ति से संकलित आँकड़े
(b) प्रायोगिक आँकड़े
(c) इंटरनेट से संकलित आँकड़े
(d) मूल रूप से अन्य स्रोतों से प्राप्त आँकड़े
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**138. भौगोलिक सूचना तंत्र (GIS) में उपयोग की जाने वाली प्रमुख तकनीक क्या है?**
(a) पारंपरिक मानचित्र
(b) डिजिटल मानचित्र कला
(c) सामान्य सांख्यिकी
(d) हस्तलिखित नोट्स
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**139. कौन-सा एकमात्र महाद्वीप है जिससे कर्क रेखा, भूमध्य रेखा और मकर रेखा तीनों गुजरती हैं?**
(a) एशिया (b) यूरोप
(c) अफ्रीका (d) उत्तरी अमेरिका
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**140. समस्त समय कटिबंधों पर समय की गणना किससे होती है?**
(a) 180° देशान्तर से (b) 90° पूर्वी देशान्तर से
(c) ग्रीनवीच स्थान से (d) 0° मध्याह्न रेखा से
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**141. निम्नलिखित में से कौन-सा वायुमण्डल में पार्थिव विकिरण को अवशोषित करने के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है?**
(a) नाइट्रोजन (b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) ओजोन (d) ऑक्सीजन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**142. निम्न में से कौन-सा जलवायु प्रकार ठंडी जलवायु के अंतर्गत पाया जाता है?**
(a) आर्द्र महाद्वीपीय (b) उच्च भूमि
(c) टुंड्रा (d) आर्द्र उपोष्णकटिबंधीय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**143. निम्नलिखित में से कौन-सी वायुमंडलीय गैसें ग्रीनहाउस गैसें हैं?**
**1. कार्बन डाइऑक्साइड 2. नाइट्रोजन**
**3. नाइट्रस ऑक्साइड 4. जल वाष्प**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**
(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) केवल 1, 2 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**144. जुलाई में अंतः उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (ITCZ) स्थित होता है-**
(a) 10°–15° उत्तर अक्षांशों के आसपास
(b) 15°–20° उत्तर अक्षांशों के आसपास
(c) 20°–25° उत्तर अक्षांशों के आसपास
(d) 5° उत्तर से 5° दक्षिण अक्षांशों के आसपास
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**145. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण में 'w' शब्द प्रदर्शित करता है-**
(a) पतझड़ ऋतु (b) शुष्क शीत ऋतु
(c) शुष्क ग्रीष्म ऋतु (d) मानसून जलवायु
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**146. कौन-सा महासागर ऑस्ट्रेलिया के पश्चिम तथा अफ्रीका के पूर्व में स्थित है?**
(a) अटलांटिक महासागर
(b) हिन्द महासागर
(c) दक्षिणी महासागर
(d) प्रशान्त महासागर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**147. बेंगुएला (Benguela) धारा प्रवाहित होती है-**
(a) अफ्रीका के दक्षिणी-पूर्वी तट के सहारे
(b) दक्षिणी अमेरिका के पश्चिमी तट के सहारे
(c) अफ्रीका के दक्षिणी-पश्चिमी तट के सहारे
(d) दक्षिणी अमेरिका के पूर्वी तट के सहारे
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**148. पृथ्वी के धरातल का कितना प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है?**
(a) 75%
(b) 70.8%
(c) 72%
(d) 78.2%
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**149. क्षेत्रफल के अवरोही क्रम में महासागरों/सागरों का सही अनुक्रम कौन-सा है?**
(a) हिन्द–आर्कटिक–दक्षिण चीन–अटलांटिक
(b) अटलांटिक–दक्षिण चीन–आर्कटिक–हिन्द
(c) अटलांटिक–हिन्द–आर्कटिक–दक्षिण चीन
(d) आर्कटिक–अटलांटिक–दक्षिण चीन–हिन्द
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**150. कौन-सा महाद्वीप 'मानव जाति का जन्मस्थल' कहलाता है?**
(a) यूरोप
(b) अफ्रीका
(c) एशिया
(d) दक्षिण अमेरिका
(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦♦♦♦

1. [a]
व्याख्या:-
➢ रणकपुर प्रशस्ति (1439 ई.)
➢ कुंभलगढ़ प्रशस्ति (1460 ई.)
➢ बीकानेर की प्रशस्ति / रायसिंह प्रशस्ति (1594 ई.)

2. [c]
व्याख्या:-
➢ **विभिन्न रियासतों में प्रचलित सिक्कें**

| **रियासतें** | | **सिक्कें** |
|---|---|---|
| करौली | – | माणकशाही सिक्कें |
| भरतपुर | – | शाहआलमी सिक्कें |
| धौलपुर | – | तमंचाशाही सिक्कें |
| अलवर | – | रावशाही सिक्कें |

3. [c]
व्याख्या:-
➢ यह सभ्यता **राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले** में प्राचीन **दृषद्वती और सरस्वती नदी घाटी** (वर्तमान घग्घर नदी क्षेत्र) में विकसित हुई थी।
➢ कालीबंगा एक नगरीय सभ्यता थी। यहां धूप में सुखाई गई कच्ची ईंटों से निर्मित घर व चबूतरे तथा अलंकृत ईंटों से निर्मित फर्श के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

4. [a]
व्याख्या:-
➢ राजस्थान में आरंभिक मानव बस्ती बागौर में पाई गई है।
➢ बागौर में सिक्खों के दसवें गुरू गोविंद सिंह जी 1707 ई. में दक्षिण भारत से लौटते समय रुके थे। उनके ठहरने के स्थान पर गुरूद्वारा **कलगीधर बागौर साहिब** बनाया गया है।

5. [a]
व्याख्या:-
➢ प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. स्मिथ ने सातवीं से बारहवीं शताब्दी तक के समय को राजपूत काल कहा है।

6. [b]
व्याख्या:-
➢ राजोरगढ़ में प्रतिहार शासक महाराजाधिराज परमेश्वर मथन देव शासन करता था।

7. [d]
व्याख्या:-
➢ अजयराज ने 1113 ई. में अजमेर शहर की स्थापना कर इसे अपनी राजधानी बनाया।
➢ अर्णोराज ने अजमेर में आनासागर झील का निर्माण करवाया था।

8. [b]
व्याख्या:-

| क्र.स. | चौहान वंश की शाखा | प्रवर्तक/संस्थापक |
|---|---|---|
| 1. | अजमेर/सपादलक्ष | वासुदेव चौहान (551 ई.) |
| 2. | नाडोल (पाली) | लक्ष्मण सिंह (960 ई.) |
| 3. | रणथंभौर | गोविंदराज (1194 ई.) |
| 4. | सिरोही | राव लुम्बा (1311 ई.) |
| 5. | बूंदी | देवा हाड़ा (1241 ई.) |
| 6. | कोटा | माधो सिंह (1631 ई.) |

9. [c]
व्याख्या:-
➢ **समर सिंह (1273 ई.–1302 ई.)**
➢ रावल समर सिंह के दरबार में रत्नप्रभसूरी, पार्श्वचंद, देल्हण, पद्म सिंह, केल सिंह, वेद शर्मा, शिल्पी केयलान व शिल्पी कर्मा जैसे विद्वान वास्तुकार थे।

10. [d]
व्याख्या:-
➢ **बयाना का युद्ध (16 फरवरी, 1527 ई.) - भरतपुर**
➢ **फरवरी, 1527 ई.** में महाराणा सांगा ने **बयाना दुर्ग पर आक्रमण** कर दुर्गरक्षक मेहंदी ख्वाजा व बाबर के सेनापति मोहम्मद सुल्तान मिर्जा को परास्त कर बयाना **दुर्ग पर अधिकार** कर लिया।

11. [d]
व्याख्या:-
➢ राव सीहा (1240–1273 ई.) ➢ राव आस्थान (1273–1291 ई.)
➢ राव धुहड़ (1291–1309 ई.) ➢ राव रायपाल (1309–1313 ई.)

12. [b]
व्याख्या:-
➢ सामूगढ़ के युद्ध में दारा शिकोह की हार के बाद, मुगल शासक औरंगजेब की अधीनता स्वीकार करने वाले राजपूत शासक जसवंत सिंह थे।

13. [d]
व्याख्या:-
➢ सवाई जगतसिंह– II (1803–1818 ई.)
➢ सवाई जयसिंह तृतीय (1818–1835 ई.)
➢ सवाई रामसिंह–द्वितीय (1835–1880 ई.)
➢ सवाई माधोसिंह–द्वितीय (1880–1922)

14. [c]
व्याख्या:-
➢ टोंक राजस्थान की एकमात्र मुस्लिम रियासत थी, क्रांति के समय टोंक का **नवाब वजीरूद्दौला** था।
➢ वजीरूद्दौला अंग्रेजों का समर्थक था, इस कारण जनता ने इसे **ईसाई राजा** कहकर संबोधित करती थी।

15. [d]
व्याख्या:-
➢ भील विद्रोह के दमन के लिए अंग्रेजों ने 1841 ई. में महाराणा सरदार सिंह (मेवाड़) के शासनकाल में मेवाड़ भील कोर का गठन किया।
➢ मेवाड़ भील कोर का मुख्यालय खैरवाड़ा (उदयपुर) में स्थित है।

16. [c]
व्याख्या:-

| **राजस्थान के प्रमुख हत्याकाण्ड** | | |
|---|---|---|
| **हत्याकाण्ड** | **वर्ष** | **संबंधित रियासत** |
| मानगढ | 17 नवम्बर 1913 ई. | बाँसवाडा |
| नीमूचणा | 14 मई 1925 ई. | अलवर |
| चण्डावल | 28 मार्च 1942 ई. | मारवाड़ (पाली) |
| डाबडा | 13 मार्च 1947 ई. | मारवाड़ (डीडवाना) |

| | | |
|---|---|---|
| डाबी | 02 अप्रैल 1923 ई. | बूँदी |
| गोविंदपुरा | 23 जुलाई 1923 ई. | मेवाड़ (बेगूं) |
| जयसिंहपुरा | 21 जून 1934 ई. | शेखावाटी (झुँझुनूं) |
| कूदन | 25 अप्रैल 1935 ई. | शेखावाटी (सीकर) |
| कांगड | 1946 ईस्वी | बीकानेर (चुरू) |
| खुड़ी | मार्च 1935 ई. | शेखावाटी (सीकर) |
| रास्तापाल | 19 जून 1947 ई. | डूंगरपुर |
| तसीमो | 11 अप्रैल 1947 ई. | धौलपुर |
| रायसिंहनगर | 01 जुलाई 1946 ई. | बीकानेर (श्रीगंगानगर) |

**17. [a]**

**व्याख्या:-**

| **संगठन** | **स्थापना वर्ष** | **संस्थापक** |
|---|---|---|
| मरूधर / मारवाड़ हितकारिणी सभा | 1918 ई. | चाँदमल सुराणा (जयनारायण व्यास द्वारा 1923 ई. में पुनर्गठन) |
| मारवाड़ यूथ लीग | 1931 ई. | जयनारायण व्यास |
| मारवाड़ प्रजामण्डल | 1934 ई. | जयनारायण व्यास व भंवरलाल सर्राफ |
| मारवाड़ लोक परिषद् | 1938 ई. | जयनारायण व्यास व रणछोड़दास गट्टानी |

**18. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **राजस्थान के विस्तार में अंतर-**

➢ पूर्व-पश्चिम: **869 किमी.**

➢ उत्तर-दक्षिण: **826 किमी.**

➢ अंतर: **869 – 826 = 43 किमी.**

➢ अतः विस्तार में **43 किलोमीटर का अंतर** है, अतः विकल्प (d) सही है।

**19. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ जिलों की उत्तर से दक्षिण की स्थिति:

➢ **श्रीगंगानगर** – सबसे उत्तर में

➢ **बीकानेर** – दक्षिण की ओर श्रीगंगानगर से नीचे

➢ **जोधपुर** – बीकानेर के दक्षिण-पश्चिम में

➢ **जालौर** – राजस्थान के दक्षिण-पश्चिम में

**20. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ **खो/खोह** जयपुर, 920 मीटर

➢ **रघुनाथगढ़:** सीकर, 1,055 मीटर

➢ **तारागढ़:** अजमेर, 885 मीटर

➢ **गुरु शिखर:** सिरोही, ~1,722 मीटर (लेकिन विकल्प में 1,727 मीटर)

**21. [b]**

**व्याख्या:-**

**राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक-**

➢ भौगोलिक अवस्थिति

➢ समुद्र से दूरी

➢ उच्चावच लक्षण

➢ वायुमण्डलीय संचरण

**22. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **अल्फीसोल्स मृदा मध्यम** उपजाऊ होती है और इसमें मिट्टी का संचयन (clay accumulation) होता है। यह राजस्थान के पूर्वी और दक्षिणी जिलों जैसे **जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, करौली, टोंक, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, राजसमंद, उदयपुर, डूंगरपुर, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़** में पाई जाती है।

**23. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **लाल पीली मृदा:** लौह अंश (II) की मौजूदगी के कारण लाल-पीला रंग, सिरोही, उदयपुर में।

➢ **मरुस्थली मृदा:** जल धारण एवं शोषण क्षमता कम (III), रेतीली, जैसलमेर में।

➢ **काली मृदा: चीका** प्रधान (IV), कोटा, बूंदी में।

➢ **जलोढ़ मृदा:** रेतीली दोमट संरचना (I), उपजाऊ, भरतपुर में।

**24. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ अंतःप्रवाह नदियाँ समुद्र तक नहीं पहुंचतीं। वे रेत या जमीन में गायब हो जाती हैं।

➢ जाखम नदी अंतःप्रवाह प्रणाली के अंतर्गत नहीं है। यह **प्रतापगढ़** से निकलकर माही नदी में मिलती है।

**25. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ लूनी नदी का अधिकांश अपवाह क्षेत्र राजस्थान में है। लूनी नदी की कुल लम्बाई 495 कि.मी. है, जबकि राजस्थान में यह 330 कि.मी. लम्बी है।

➢ खारी नदी बनास की सहायक नदी है। यह राजसमंद से निकलती है।

➢ बनास नदी खमनौर पहाड़ियों (कुम्भलगढ़) से निकलती है।

**26. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **सांभर झील** भारत की सबसे बड़ी **स्थलबद्ध (Inland) खारे पानी** की झील है।

➢ **स्थान-** जयपुर जिले के फुलेरा तहसील में स्थित है, जो जयपुर से 70 किमी. दूर है।

**27. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ तालाब राजस्थान में परंपरागत जल संरक्षण की विधि नहीं है। यह सामान्य जलाशय है, जो प्राकृतिक या कृत्रिम हो सकता है।

**28. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **बीसलपुर बाँध –** बनास नदी पर टोंक के टोडारायसिंह क्षेत्र में स्थित है।

➢ **अरवार बाँध –** खारी नदी पर भीलवाड़ा जिले में स्थित है।

➢ **जवाहर सागर बाँध –** चंबल नदी पर कोटा में स्थित है।

➢ **मेज़ा बाँध –** कोठारी नदी स्थित है।

**29. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ शुष्क सागवान वन डूंगरपुर और बाँसवाड़ा जिलों में पाए जाते हैं।

**30. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ शुष्क वन: जैसलमेर (काकनी नदी क्षेत्र में खेजड़ी सहित) ।
➢ सदाबहार वन: माउंट आबू (उपोष्ण कटिबंधीय, उच्च वर्षा) ।
➢ मिश्रित पतझड़ वन: अलवर (अरावली क्षेत्र) ।
➢ शुष्क सागवान वन: बाँसवाड़ा (नम जलवायु) ।

**31. [b]**

**व्याख्या:-**

बंध बरेठा अभयारण्य (भरतपुर)
वन विहार अभयारण्य (धौलपुर)
बस्सी अभयारण्य (चित्तौड़गढ़)
जयसमंद अभयारण्य (उदयपुर)

**32. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर में स्थित है।

**33. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ मगरा, चोकला, जैसलमेरी और मालपुरा राजस्थान की प्रमुख भेड़ की नस्लें हैं।

**34. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ **राजस्थान की प्रमुख भेड़ की नस्लें -**
➢ मगरा भेड़, मारवाड़ी भेड़, चोकला भेड़, सोनारी भेड़, जैसलमेरी भेड़, खेरी भेड़, बागड़ी भेड़, मालपुरा भेड़, पूगल भेड़, नाली भेड़ आदि।
➢ **राजस्थान में गाय की प्रमुख नस्लें -**
➢ गिर, थारपारकर, कांकरेज, राठी, मालवी, मेवाती, नागौरी आदि।

**35. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **आमेर किला, जयपुर -** इस दुर्ग में शीशमहल**,** शिला माता मंदिर, दीवाने आम**,** दीवाने खास**,** दिलखुश महल**, 24** रानियों का महल**,** बुखारा गार्डन**, दिलाराम का बाग,** सुहाग मंदिर, यश महल आदि दर्शनीय स्थल हैं।
➢ **तारागढ़, अजमेर -** इस दुर्ग के भीतर प्रसिद्ध मुस्लिम **संत मीरान साहब की दरगाह** है। यह दरगाह तारागढ़ के प्रथम गवर्नर मीर हुसैन खिंगसवार की है।
➢ **गागरोण, झालावाड़ -** इस दुर्ग में खुरासान से गागरोण आये सूफी संत '**मिट्ठे साहब की दरगाह**' तथा औरंगजेब द्वारा निर्मित **बुलन्द दरवाजा** भी स्थित है।
➢ **मेहरानगढ़, जोधपुर - चामुण्डा माता का मंदिर-** मेहरानगढ़ दुर्ग में राठौड़ राजवंश की आराध्य देवी **चामुण्डा माता का मंदिर** है, जिसका निर्माण **राव जोधा** द्वारा करवाया गया।

**36. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ उपनाम – **बावनगढ़ का लाडला**
➢ बाला किला अलवर जिले में स्थित हैं। इस दुर्ग को कुंवारा दुर्ग, अलवर दुर्ग भी बोला जाता है।
➢ किले की प्राचीर लगभग 9 किमी. की परिधि में है जिसमें 15 बड़ी बुर्जे तथा 52 छोटी बुर्जे बनी हुई हैं।

**37. [c]**

**व्याख्या:-**

**रंगमहल**

➢ **निर्माण-** बूँदी महाराव छत्रशाल द्वारा निर्मित प्रसिद्ध महल है।
➢ यह महल **भित्ति चित्रों** के लिए प्रसिद्ध है।

**38. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ **84 खंभों की छतरी -**बूँदी में देवपुरा नामक स्थान पर इस छतरी का निर्माण राव राजा अनिरुद्ध सिंह ने **धाबाई देवा गुर्जर** की स्मृति में करवाया।
➢ **मामा-भांजे की छतरी** -यह **मेहरानगढ़ दुर्ग** में स्थित है।
➢ यह छतरी धन्ना गहलोत तथा भीयां चौहान की है, जो आपस में मामा-भांजे थे।
➢ **ब्राह्मण देवताओं की छतरी -**मंडोर में पंचकुण्ड के निकट ।
➢ **कुंवर पृथ्वीराज की छतरी**-कुंभलगढ़ किले में स्थित है।

**39. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ मेड़तणीजी की **बावड़ी झुन्झुनूं** स्थित है।
➢ मेड़तणी जी की बावड़ी का निर्माण झुंझुनूं के शासक शार्दुल सिंह शेखावत की रानी बखत कंवर ने करवाया था।

**40. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ ज्वाला माता मंदिर – जोबनेर, जयपुर
➢ त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर – उमराई, तलवाड़ा, बाँसवाड़ा
➢ द्वारकाधीश मंदिर – कांकरोली, राजसमंद
➢ श्रीनाथजी मंदिर – नाथद्वारा, राजसमंद
➢ सुंधा माता मंदिर – सुंधा पर्वत, जालौर
➢ आई माता समाधि स्थल (बढेर) – बिलाड़ा

**41. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **तेजाजी**
➢ जन्म - खरनाल में नागवंशीय जाट में हुआ।
➢ मेला - प्रतिवर्ष तेजादशमी (भाद्रपद शुक्ल दशमी) को परबतसर में भव्य पशु मेला भरता है।
➢ **सर्प ने डसा, सेंदरिया गाँव में मृत्यु हुई,** सुरसुरा जहां इनकी पत्नी पेमल सती हुई।

**42. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ **सिंहथल शाखा (बीकानेर) -** संस्थापक संत हरिराम दास जी
➢ **रैण शाखा रैण (नागौर) -** संस्थापक संत दरियाव जी।
➢ **खेड़ापा शाखा (जोधपुर) -** संस्थापक संत रामदास जी**।**
➢ **शाहपुरा शाखा -** संस्थापक संत रामचरण जी ।

**43. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ गणगौर पर्व के दौरान, होली की राख से बनी पिंडियों (केक) की **जौ के अंकुरों के साथ पूजा की जाती** है, जो राजस्थान में एक महत्वपूर्ण परंपरा है।

**44. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **वल्लभ सम्प्रदाय** का सर्वाधिक प्रभाव होने के कारण कृष्ण-लीलाओं का अधिक चित्रण हुआ।

➢ **किशनगढ़ चित्रकला की विशेषताएँ -** महिला सौंदर्य का चित्रण, गुलाबी तथा सफेद रंग का प्रयोग, हाशिये में हल्के गुलाबी रंग का प्रयोग, केले के पेड़, हंस, सरोवर तथा वेसरि (नाक का आभूषण) का चित्रण। कमल से भरे हुए सरोवर

➢ **प्रमुख चित्रकार -** मोरध्वज निहालचन्द, अमीरचन्द, सूरध्वज, लाडलीदास, सीताराम, सवाईराम, रामनाथ, बदन सिंह भवानीदास एवं कल्याणदास ।

**45. [b]**

**व्याख्या:-**

**बेवाण**

➢ बेवाण लकड़ी का एक छोटा मंदिर होता है, जिसे **मिनिएचर वुड टेम्पल** कहा जाता है।

**46. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ गवरी नृत्य नाटिका केवल पुरुषों द्वारा प्रदर्शित की जाती है।

➢ रक्षाबंधन के दूसरे दिन से ठीक **चालीसवें दिन अलावण–वलावण पर्व** के साथ गवरी का समापन किया जाता है।

**47. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ **घोड़ी**

➢ लड़के के विवाह पर निकासी पर गाए जाने वाले गीत।

**48. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **चौतारा (तंदूरा/वीणा)**

➢ यह तानपूरे के जैसा चार तारों वाला वाद्ययंत्र है, किन्तु इसके तारों को मिलाने का क्रम उल्टा होता है।

➢ यह वाद्ययंत्र **मुख्य रूप से कामड़ जाति द्वारा रामदेवजी के भजन गाते समय बजाया** जाता है।

**49. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ अंगोटिया कान में पहना जाता है।

➢ मांदल्या गले में पहना जाता है।

➢ दामणा अंगुलियाँ में पहना जाता है।

➢ कन्दोरा कमर पर पहना जाता है।

**50. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **कवि सूर्यमल्ल मीसण**

➢ **प्रमुख ग्रन्थ**

i. वंश भास्कर ii. वीर सतसई iii. बलवंत विलास
iv. रामजाट/रामरंजाट v. छंद मयूख vi. सती रासो
vii. धातु रुपावली

**51. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ फ्रेडरिक रेट्जेल को आधुनिक **मानव भूगोल का संस्थापक** माना जाता है। उन्होंने मानव समाज, संस्कृति, राजनीति और आर्थिक गतिविधियों को प्राकृतिक पर्यावरण से जोड़कर देखा।

**52. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ प्रादेशिक उपागम में किसी **विशिष्ट क्षेत्र को एक इकाई मानकर** उसके प्राकृतिक, आर्थिक और मानवीय पक्षों का समग्र अध्ययन किया जाता है।

**53. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ ज्वारीय परिकल्पना का प्रतिपादन **सर जेम्स जींस** द्वारा किया गया था, जिसे बाद में **सर हेरोल्ड जेफ्रीज़** ने आगे विकसित किया। इस सिद्धांत के अनुसार सूर्य के पास से गुजरने वाले एक विशाल तारे के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से सूर्य की सतह पर ज्वार उत्पन्न हुए और सूर्य से निकला पदार्थ संघनित होकर ग्रहों के रूप में विकसित हुआ।

**54. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ अल्फ्रेड वेगेनर के अनुसार प्रारंभ में सभी महाद्वीप मिलकर **पैंजिया** नामक एक विशाल महाद्वीप बनाते थे। इस महाद्वीप को चारों ओर से घेरने वाला विशाल महासागर **पैंथालासा** कहलाता था, जिसका अर्थ है “सम्पूर्ण जल”।

**55. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ पृथ्वी की गहराई बढ़ने के साथ तापमान में निरंतर वृद्धि होती है। खानों, गहरे कुओं और ज्वालामुखीय लावा से यह प्रमाणित होता है।

**56. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ सियाल (Si + Al) महाद्वीपीय भूपर्पटी का ऊपरी भाग है, सिमा (Si + Mg) महासागरीय भूपर्पटी का प्रतिनिधित्व करता है तथा नीफे (Ni + Fe) पृथ्वी के केंद्रक का संकेतक है।

**57. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ पैंथालासा एक सुपरोसियन था जो पैंजिया को घेरे हुए था। भूवैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर वर्तमान **प्रशांत महासागर** को पैंथालासा का अवशेष माना जाता है।

**58. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ 0° देशांतर रेखा (ग्रीनविच याम्योत्तर) यूरोप और अफ्रीका से गुजरते हुए **अटलांटिक महासागर** में प्रवेश करती है। इसलिए यह अटलांटिक महासागर से संबंधित है।

**59. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ महासागरीय धाराएँ तापमान, लवणता, घनत्व, पवनों और पृथ्वी के घूर्णन से उत्पन्न होती हैं। चन्द्रमा का आकर्षण मुख्यत: **ज्वार-भाटा** उत्पन्न करता है, न कि महासागरीय धाराएँ।

**60. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ अंटार्कटिका का क्षेत्रफल ऑस्ट्रेलिया से बड़ा है, इसलिए कथन 1 गलत है। यूरोप का क्षेत्र दक्षिण अमेरिका से कम है तथा उत्तरी अमेरिका का क्षेत्र यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त क्षेत्र से अधिक है।

**61. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ आग्नेय चट्टानें उस समय बनती हैं जब **पिघला हुआ मैग्मा या लावा ठंडा होकर ठोस रूप में परिवर्तित हो जाता है**।

➢ **गैब्रो** और **पिग्मेटाइट** अंतर्भेदी आग्नेय चट्टानों के उदाहरण हैं।
➢ **ज्वालामुखीय ब्रेसिया** बहिर्भेदी आग्नेय चट्टान है, जो ज्वालामुखी विस्फोटों से बनी होती है।

**62. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ शैल-चक्र वह **निरंतर प्राकृतिक प्रक्रिया** है, जिसके अंतर्गत चट्टानें एक प्रकार से दूसरे प्रकार में परिवर्तित होती रहती हैं।
➢ इस चक्र में तीन प्रमुख चट्टानें शामिल होती हैं-
1. आग्नेय चट्टानें 2. अवसादी चट्टानें 3. रूपांतरित चट्टानें

**63. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ भारत का प्रायद्वीपीय पठार **अत्यंत प्राचीन क्रिस्टलीय चट्टानों** से निर्मित है। यह क्षेत्र भ्रंश क्रियाओं और दीर्घकालीन अपरदन से प्रभावित रहा है, जिसके परिणामस्वरूप- ब्लॉक पर्वत- भ्रंश घाटियाँ टॉर (अपक्षय से बनी चट्टानी संरचनाएँ) नग्न चट्टानी स्थलरूप विकसित हुए हैं।

**64. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ U-आकार की घाटी हिमानी अपरदन का परिणाम होती है।
➢ पर्वतीय क्षेत्रों में जब विशाल हिमनद नीचे की ओर गति करते हैं।
➢ इस प्रक्रिया में पहले से बनी **V-आकार की नदी घाटी**, धीरे-धीरे **U-आकार की घाटी** में परिवर्तित हो जाती है।

**65. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ पृथ्वी की कुल सतह का लगभग **71 प्रतिशत भाग जल से ढका हुआ है**। इस जल का अधिकांश भाग महासागरों में पाया जाता है,

**66. [c]**
**व्याख्या:-**
➢ मध्यमंडल समतापमंडल के ऊपर स्थित परत है और यह लगभग **80 किमी ऊँचाई तक** फैली होती है। इस परत में ऊँचाई के साथ तापमान लगातार घटता जाता है।

**67. [b]**
**व्याख्या:-**
➢ आयनमंडल वायुमंडल की वह ऊपरी परत है जहाँ सूर्य की पराबैंगनी किरणों के प्रभाव से गैसें आयनित हो जाती हैं।

**68. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ पृथ्वी के संपर्क में आने से वायु का गर्म होना **चालन** कहलाता है। गर्म वायु का ऊपर उठना और ठंडी वायु का नीचे आना **संवहन** है। वायु के क्षैतिज प्रवाह द्वारा ताप का स्थानांतरण **अभिवहन** कहलाता है।

**69. [a]**
**व्याख्या:-**
➢ पृथ्वी के विभिन्न भागों में ताप की असमानता के कारण वायुदाब में अंतर उत्पन्न होता है। इसी दाबांतर के कारण पवनें चलती हैं और ये पवनें एक क्षेत्र की ऊष्मा को दूसरे क्षेत्र तक ले जाती हैं।

**70. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ भूमंडलीय पवनों का स्वरूप मुख्यतः-वायुदाब पट्टियों की स्थिति, पृथ्वी के घूर्णन से उत्पन्न कोरिऑलिस बल तथा महाद्वीपों और महासागरों के वितरण पर निर्भर करता है।

**71. [b]**
**व्याख्या:-**
➢ पछुआ (पश्चिमी) पवनें उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब पेटियों से उपध्रुवीय निम्न दाब क्षेत्रों की ओर प्रवाहित होती हैं। सूर्य के उत्तर–दक्षिण गमन के कारण दबाव पेटियाँ मौसमी रूप से स्थानांतरित होती रहती हैं।

**72. [c]**
**व्याख्या:-**
➢ व्यापारिक पवनें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब से विषुवतीय निम्न दाब की ओर पूरे वर्ष नियमित रूप से चलती हैं। इनकी दिशा लगभग स्थिर रहती है, इसलिए इन्हें ग्रहीय या स्थायी पवनें कहा जाता है।

**73. [b]**
**व्याख्या:-**
➢ वाष्पन की दर जल के खुले पृष्ठ के क्षेत्रफल और वायुमण्डलीय ताप पर निर्भर करती है। जब जल का क्षेत्रफल कम होता है तथा तापमान भी कम होता है, तब कम जल कण वाष्प में परिवर्तित हो पाते हैं।

**74. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ जल चक्र पृथ्वी की सतह से वायुमंडल में तथा पुनः सतह पर जल की निरंतर गति को दर्शाता है।

**75. [c]**
**व्याख्या:-**
➢ पी. कोटेश्वरम ने तिब्बती पठार के ऊपर ऊपरी वायु परिसंचरण और वायुमंडलीय परिस्थितियों के बीच संबंध स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि उपोष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम का उत्तर की ओर खिसकना भारत में मानसून के आगमन का एक महत्वपूर्ण संकेत है।

**76. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ कांटेदार झाड़ियों का विकास उन क्षेत्रों में होता है जहाँ वर्षा अत्यल्प होती है और तापमान अधिक रहता है। शुष्क रेगिस्तानी तथा अर्ध-शुष्क जलवायु में पौधे जल संरक्षण के लिए पत्तियों को कांटों में परिवर्तित कर लेते हैं।

**77. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ कोपेन जलवायु वर्गीकरण में 'Aw' उन क्षेत्रों को दर्शाता है जहाँ वर्षा मुख्यतः ग्रीष्म ऋतु में होती है तथा शीत ऋतु अपेक्षाकृत शुष्क रहती है। इसे उष्णकटिबंधीय आर्द्र एवं शुष्क या सवाना जलवायु कहा जाता है।

**78. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ विली-विली नामक उष्णकटिबंधीय चक्रवात मुख्यतः **पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया** क्षेत्र में पाया जाता है, न कि दक्षिण चीन सागर में। अन्य सभी युग्म सही रूप से संबंधित महासागरों से मेल खाते हैं।

**79. [d]**
**व्याख्या:-**
➢ कुरोशियो करंट को जापान करंट भी कहा जाता है। यह ताइवान के समीप से होकर जापान के पूर्वी तट के साथ बहता हुआ उत्तर की ओर जाता है।

**80. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ व्यापारिक पवनें वर्ष भर लगभग समान दिशा में चलती हैं, इसलिए ये सबसे नियमित भूमंडलीय पवनें मानी जाती हैं। दक्षिणी गोलार्द्ध में पछुआ पवनें उत्तर-पश्चिमी नहीं बल्कि दक्षिण-पश्चिमी होती हैं।

**81. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ अपक्षय वह प्रक्रिया है जिसमें मौसम और जलवायु के तत्व चट्टानों को प्रभावित करते हैं। रासायनिक अपक्षय में जल, ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

**82. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ भारत की मुख्यभूमि उत्तरी गोलार्ध में स्थित है। इसका विस्तार 8° 4' उत्तरी अक्षांश से लेकर 37° 6' उत्तरी अक्षांश तक है। इसलिए भारत की अधिकतम उत्तरीय अक्षांश 37° 6' उत्तर है।

**83. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ भारत की पूर्वी सीमा पर अरुणाचल प्रदेश में **दीफू दर्रा** स्थित है। इसके बाद पश्चिम की ओर **जेलेप ला** (सिक्किम), फिर **नीति दर्रा** (उत्तराखंड) और सबसे पश्चिम में **रोहतांग ला** (हिमाचल प्रदेश) स्थित है।

**84. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ कश्मीर हिमालय करेवा निक्षेपों के लिए प्रसिद्ध है। नामचा बरवा शिखर अरुणाचल हिमालय में स्थित है। फूलों की घाटी उत्तराखंड हिमालय में स्थित एक प्रसिद्ध क्षेत्र है।

**85. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ महादेव पहाड़ियाँ सतपुड़ा पर्वतमाला का भाग हैं और मध्य भारत में स्थित हैं। मिकिर पहाड़ियाँ असम में स्थित होकर उत्तर–पूर्वी भारत का हिस्सा हैं। कैमूर पहाड़ियाँ कोंकण तट में नहीं, बल्कि विंध्य क्षेत्र में स्थित हैं।

**86. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ प्रयागराज के बाद पश्चिम से पूर्व की ओर गंगा में मिलने वाली प्रमुख हिमालयी नदियों का क्रम है-गोमती, घाघरा, गंडक और कोसी। यह क्रम उनके भौगोलिक संगम स्थानों पर आधारित है।

**87. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ नर्मदा नदी एक रिफ्ट वैली (दरार घाटी) में बहती है और मध्य भारत की स्थलाकृति पश्चिम की ओर ढलान लिए हुए है। यही कारण है कि नर्मदा पश्चिम की ओर बहती है।

**88. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ भारतीय मानसून को ग्रहीय पवन नहीं माना जाता, बल्कि यह मौसमी पवनों की श्रेणी में आता है। ग्रहीय पवनें वर्षभर एक दिशा में चलती हैं।

**89. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ शीत ऋतु में पश्चिमी जेट स्ट्रीम हिमालय के दक्षिणी भाग के ऊपर बहती है। इसकी औसत स्थिति लगभग 25° उत्तरी अक्षांश के आसपास होती है।

**90. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ सदाबहार वन अधिक वर्षा और आर्द्र जलवायु वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जैसे पश्चिमी घाट, उत्तर–पूर्वी भारत और अंडमान–निकोबार द्वीप समूह।

**91. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ भारत में ऊष्णकटिबन्धीय शुष्क सदाबहार वन मुख्यतः **केरल तट** के सहारे पाए जाते हैं। केरल में वनस्पति के तीन प्रमुख प्रकार मिलते हैं-घास के मैदान, उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन तथा गीले पर्णपाती वन।

**92. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ लैटेराइट मिट्टी सामान्यतः **लाल रंग की** होती है, जिसका कारण इसमें आयरन ऑक्साइड की उपस्थिति है। यह कथन सही है। इस मिट्टी में नाइट्रोजन और पोटाश की कमी पाई जाती है, इसलिए कथन 2 गलत है।

**93. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ लवणीय मृदा में घुलनशील लवणों की मात्रा अधिक होती है, जिससे यह **उपजाऊ नहीं रहती**। अधिक सोडियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम होने से फसलों की वृद्धि बाधित होती है।

**94. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी **बैरेन द्वीप** पर स्थित है, जो अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का भाग है। यह ग्रेट निकोबार से पूर्व में स्थित नहीं है।

**95. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ राजनीतिक मानचित्रों में देशों, राज्यों, जिलों, नगरों और गांवों की सीमाओं को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाता है।

**96. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ ग्लोब पर दिन और रात को विभाजित करने वाला काल्पनिक वृत्त **प्रदीप्ति वृत्त** कहलाता है। यह पृथ्वी के अक्ष के साथ संपाती नहीं होता और विषुवों के समय सभी अक्षांशों को समान रूप से दो भागों में विभाजित करता है।

**97. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ जब प्रकाश के स्रोत को ग्लोब के केंद्र में रखकर किसी समतल सतह पर प्रक्षेप किया जाता है, तो उसे **नोमॉनिक प्रक्षेप** कहते हैं। इस प्रक्षेप की विशेषता यह है कि ग्लोब पर किसी भी दो बिंदुओं के बीच की सबसे छोटी दूरी, अर्थात महान वृत्त, मानचित्र पर सीधी रेखा के रूप में दिखाई देती है।

**98. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ समोच्च अंतराल से आशय दो क्रमागत समोच्च रेखाओं के बीच की **ऊर्ध्वाधर ऊँचाई के अंतर** से है। यह स्थलाकृतिक मानचित्र पर ढाल और भू-आकृतियों को समझने में सहायक होता है।

**99. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ स्थलाकृतिक मानचित्रों में प्रायः **ग्राफिक (बार) पैमाने** का प्रयोग किया जाता है। यह पैमाना मानचित्र के सिकुड़ने या फैलने की स्थिति में भी दूरी मापने में सहायक होता है।

**100. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ भूस्थैतिक उपग्रह पृथ्वी की भूमध्य रेखा के ठीक ऊपर लगभग **36,000 किलोमीटर** की ऊँचाई पर स्थापित किए जाते हैं। इस कक्षा में उपग्रह का परिक्रमण काल पृथ्वी के घूर्णन काल के बराबर होता है, जिससे उपग्रह पृथ्वी के सापेक्ष स्थिर प्रतीत होता है।

**101. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ वायुगति दर्शन यन्त्र को **वात-दिग्दर्शक** या **वायुदिशादर्शक** भी कहा जाता है। इस यंत्र का उपयोग वायु की **दिशा ज्ञात करने** के लिए किया जाता है। इसे प्रायः भवनों के सबसे ऊँचे स्थान पर लगाया जाता है

**102. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ नव निश्चयवाद को **"रुको और जाओ निश्चयवाद"** भी कहा जाता है। इस अवधारणा का प्रतिपादन **ग्रिफ़िथ टेलर** ने वर्ष **1920** में किया था।

**103. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ चांगपा समुदाय एक **अर्ध-खानाबदोश तिब्बती जनजातीय समूह** है, जो मुख्यतः **लद्दाख क्षेत्र (जम्मू-कश्मीर/लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश)** में निवास करता है, न कि उत्तराखंड में। अतः कथन 1 गलत है।

**104. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ जनसंख्या अनुपात का अर्थ जनसंख्या के **दो घटकों** (जैसे पुरुष-महिला, कार्यशील-अकार्यशील, बाल-वृद्ध आदि) के बीच **संतुलन की स्थिति** से है।

**105. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धांत के अनुसार जब कोई समाज **उच्च जन्म-मृत्यु दर** से **निम्न जन्म-मृत्यु दर** की ओर बढ़ता है, तब वह क्रमशः **प्रतिस्थापन स्तर प्रजनन क्षमता** तक पहुँचता है।

**106. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ जनगणना 2011 के अनुसार भारत का लिंगानुपात **943 महिलाएँ प्रति 1000 पुरुष** है, न कि 940 ।

**107. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ मानव विकास सूचकांक (HDI) की गणना तीन मुख्य संकेतकों-**जीवन प्रत्याशा**, **शिक्षा स्तर**, और **प्रति व्यक्ति आय**-के आधार पर की जाती है।

**108. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ जब बस्तियाँ झीलों, तालाबों या जलाशयों के चारों ओर विकसित होती हैं, तो उनका फैलाव **वृत्ताकार प्रतिरूप** में होता है। इस प्रकार की बस्तियों में जल स्रोत केंद्रीय भूमिका निभाता है।

**109. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ संहत या सघन बस्तियों में मकान **एक-दूसरे के बहुत पास** बनाए जाते हैं, जिससे घना आवासीय क्षेत्र बनता है। इसके विपरीत प्रकीर्ण बस्तियों में मकान दूर-दूर फैले होते हैं।

**110. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ द्वितीयक क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों और कच्चे माल को **विनिर्माण एवं औद्योगिक प्रक्रियाओं** के माध्यम से तैयार वस्तुओं में परिवर्तित करता है।

**111. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ कैनेडियन पैसिफिक रेलमार्ग कनाडा का एक प्रमुख अंतरमहाद्वीपीय रेलमार्ग है, जो देश के पश्चिमी तट स्थित **वैंकूवर** को पूर्वी तट के प्रमुख बंदरगाह **हैलीफैक्स** से जोड़ता है।

**112. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ पनामा नहर **अटलांटिक महासागर** (कैरेबियन सागर के माध्यम से) को **प्रशांत महासागर** (पनामा की खाड़ी के माध्यम से) से जोड़ती है।

➢ यह नहर पनामा देश की भूमि को काटकर बनाई गई थी और इसके निर्माण का प्रमुख कार्य संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा किया गया।

**113. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ किसी देश के **निर्यात के मूल्य** और **आयात के मूल्य** के बीच के अंतर को **व्यापार का संतुलन** कहा जाता है।

**114. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ आईयूसीएन की रेड लिस्ट को **"जीवन का बैरोमीटर"** कहा जाता है। यह सूची पृथ्वी पर पाई जाने वाली विभिन्न प्रजातियों की संरक्षण स्थिति को दर्शाती है तथा जैव-विविधता के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण संकेतक मानी जाती है।

**115. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ ब्रंटलैंड रिपोर्ट, जिसे **"Our Common Future"** के नाम से भी जाना जाता है, से संबंधित है।

➢ यह रिपोर्ट वर्ष **1987** में **विश्व पर्यावरण और विकास आयोग (WCED)** द्वारा प्रकाशित की गई थी

**116. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ व्यापक अर्थों में, **सतत विकास** समय के साथ स्वयं को बनाए रखने या "निरंतर" बने रहने की क्षमता को संदर्भित करता है। इसके प्राथमिक लक्ष्य बहुआयामी हैं, जिनमें सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहलुओं का संतुलन शामिल है।

**117. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ भारत में खनिज संसाधनों की दृष्टि से **छोटा नागपुर पठार** सबसे समृद्ध क्षेत्र माना जाता है। यह पठार भारतीय प्रायद्वीप के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित है, जिसमें झारखंड, छत्तीसगढ़ का उत्तरी भाग तथा पश्चिम बंगाल का पुरुलिया जिला शामिल है।

**118. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ गोंडवाना प्रणाली मुख्यतः कोयले के भंडार के लिए प्रसिद्ध है, प्राकृतिक गैस के लिए नहीं, अतः कथन 1 गलत है।

➢ कोडरमा (झारखंड) क्षेत्र विश्व में उच्च गुणवत्ता वाले अभ्रक, विशेष रूप से मस्कोवाइट अभ्रक, के लिए प्रसिद्ध है, इसलिए कथन 2 सही है।

**119. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ चीन विश्व का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक देश है। वैश्विक कोयला उत्पादन में चीन की हिस्सेदारी अत्यंत अधिक है और यह पिछले कई दशकों से कोयले का शीर्ष उत्पादक बना हुआ है।

**120. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियाँ पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**121. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ कृषि में जल संरक्षण का उद्देश्य मिट्टी में नमी को अधिक समय तक बनाए रखना तथा अपवाह और वाष्पीकरण को कम करना है।

**122. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ खरीफ फसलें मानसून के आगमन के साथ बोई जाती हैं और वर्षा पर निर्भर करती हैं। **चावल, कपास और मूंगफली** सभी खरीफ फसलें हैं, जबकि **गेहूँ** रबी फसल है।

**123. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ भारत के पूर्वी भागों में विशेष रूप से **पश्चिम बंगाल और असम** में एक वर्ष में धान की तीन फसलें उगाई जाती हैं- **अमन** (खरीफ मौसम),**औस** (ग्रीष्म ऋतु),**बोरो** (रबी मौसम, सिंचित क्षेत्र)

**124. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **छोटा नागपुर औद्योगिक प्रदेश** भारत में भारी धात्विक उद्योगों का प्रमुख केंद्र है।

➢ यह क्षेत्र झारखंड, ओडिशा, दक्षिणी बिहार और पश्चिम बंगाल के पश्चिमी भागों में फैला हुआ है।

➢ इसी कारण इसे **"भारत का रूहर"** भी कहा जाता है।

**125. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ प्रादेशिक नियोजन एवं विकास में **संतुलित वृद्धि उपागम** के प्रवर्तक **रागनर नुर्सके** माने जाते हैं इस दृष्टिकोण के अनुसार, किसी देश या क्षेत्र में आर्थिक विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ और समन्वित निवेश आवश्यक होता है।

**126. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ सतत विकास लक्ष्य में **SDG 6** का उद्देश्य "सभी के लिए स्वच्छ जल और स्वच्छता की उपलब्धता तथा उनका सतत प्रबंधन सुनिश्चित करना है। यह लक्ष्य सुरक्षित पेयजल, पर्याप्त स्वच्छता सुविधाओं, स्वच्छ जल निकायों के संरक्षण और जल संसाधनों के कुशल प्रबंधन पर केंद्रित है।

**127. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ राजस्थान जिप्सम उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

➢ अरुणाचल प्रदेश में ग्रेफाइट के भंडार पाए जाते हैं।

➢ गुजरात फ्लोरस्पार के लिए जाना जाता है।

➢ उड़ीसा (ओडिशा) में निकेल के भंडार पाए जाते हैं।

**128. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ हम्बोल्ट धारा को **पीरू धारा** भी कहा जाता है।

➢ यह प्रशांत महासागर की एक ठंडी महासागरीय धारा है, जो दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट के सहारे दक्षिण से उत्तर दिशा में प्रवाहित होती है।

**129. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ महासागरीय धाराएँ समुद्री जल की निरंतर, पूर्वानुमेय और दिशात्मक गतियाँ होती हैं। ये धाराएँ मुख्यतः पवनों, पृथ्वी के घूर्णन (कोरिओलिस बल), तापमान एवं लवणता के अंतर और गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से संचालित होती हैं।

**130. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ **पामीर का पठार** 'विश्व की छत' (Roof of the World) के नाम से जाना जाता है। इस शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम **जॉन वुड** ने 1838 में पामीर के पठार के लिए किया था।

**131. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ अमेज़न वर्षावन **दक्षिण अमेरिका** में स्थित है और लगभग **5.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर** क्षेत्र में फैला हुआ है।

**132. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ चंबल परियोजना **राजस्थान और मध्यप्रदेश** की संयुक्त परियोजना है, न कि गुजरात की।

**133. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ चम्बल परियोजना वास्तव में राजस्थान और मध्यप्रदेश की संयुक्त परियोजना है। माही बजाज सागर परियोजना राजस्थान–गुजरात की संयुक्त परियोजना है और इसका मुख्य बांध गुजरात में स्थित है, अतः कथन (II) गलत है।

**134. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ ग्रैनाइट एक **आग्नेय चट्टान** है, जो मैग्मा के ठंडा होकर जमने से बनती है। यह मुख्यतः क्वार्ट्ज और फेल्डस्पार खनिजों से बनी कठोर चट्टान है।

**135. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **कोरोप्लेथ मानचित्र** जनसंख्या घनत्व जैसे सांख्यिकीय आँकड़ों को क्षेत्रवार दर्शाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होते हैं।

**136. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ मानचित्र पृथ्वी की सतह का द्वि-आयामी प्रतिनिधित्व होता है, जिसे किसी निश्चित पैमाने पर समतल सतह पर प्रदर्शित किया जाता है। **थिमेटिक मानचित्र** वे मानचित्र होते हैं जो किसी **एक विशिष्ट विषय** या चर पर आधारित होते हैं, जैसे-वर्षा, तापमान, जनसंख्या, कृषि उत्पादन आदि।

**137. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ द्वितीयक आँकड़े वे आँकड़े होते हैं, जिन्हें किसी अन्य व्यक्ति, संस्था या संगठन द्वारा पहले से किसी उद्देश्य के लिए एकत्र किया जा चुका होता है। उदाहरण-सरकारी रिपोर्टें, जनगणना आँकड़े, सांख्यिकीय वर्ष-पुस्तकें, पुस्तकें और प्रकाशित शोध।

**138. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ भौगोलिक सूचना तंत्र (GIS) एक कंप्यूटर-आधारित प्रणाली है, इसकी मूल तकनीक **डिजिटल मानचित्र कला** है, जिसमें डिजिटल मानचित्रों का निर्माण, संपादन और विश्लेषण किया जाता है।

**139. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ अफ्रीका एकमात्र महाद्वीप है जिससे पृथ्वी की तीनों प्रमुख अक्षांश रेखाएँ गुजरती हैं- **भूमध्य रेखा (0°) कर्क रेखा (23½° उत्तर)मकर रेखा (23½° दक्षिण)**

**140. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **0° देशान्तर**, जो ग्रीनविच से होकर गुजरता है, को **प्रधान मध्याह्न रेखा (**हा जाता है।

➢ इसी रेखा के आधार पर **(GMT)** की गणना की जाती है और विश्व के सभी समय कटिबंध इसी से निर्धारित होते हैं। पृथ्वी 360° देशान्तर को 24 घंटे में पूरा करती है, अर्थात प्रत्येक 1° देशान्तर पर **4 मिनट** का समय अंतर होता है।

**141. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ पृथ्वी को प्राप्त होने वाला प्रवेशी सौर विकिरण लघु तरंगों के रूप में होता है गर्म होने के बाद पृथ्वी दीर्घ तरंगों के रूप में ऊर्जा का विकिरण करती है, जिसे **पार्थिव विकिरण** कहा जाता है।

**142. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ टुंड्रा विश्व का सबसे ठंडा बायोम है।

➢ इस क्षेत्र में वर्षा अत्यल्प होती है, इसलिए यह रेगिस्तान जैसी विशेषताएँ भी दर्शाता है।

**143. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ ग्रीनहाउस गैसें वे गैसें होती हैं जो दीर्घ तरंग (इन्फ्रारेड) विकिरण को अवशोषित एवं उत्सर्जित करती हैं।

➢ पृथ्वी की प्रमुख ग्रीनहाउस गैसें हैं- कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$),जल वाष्प, मीथेन और ओजोन

**144. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ ITCZ एक निम्न वायुदाब वाला क्षेत्र है जहाँ व्यापारिक पवनें आपस में मिलती हैं।

➢ जुलाई में सूर्य की उत्तरायण स्थिति के कारण ITCZ उत्तर की ओर खिसककर **20°–25° उत्तर अक्षांशों** के आसपास, विशेषकर गंगा के मैदान में स्थित हो जाता है।

**145. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ कोपेन जलवायु वर्गीकरण में छोटे अक्षरों का प्रयोग वर्षा के मौसमी स्वरूप को दर्शाने के लिए किया जाता है।

➢ 'w' का अर्थ है **शीत ऋतु में शुष्कता**।

**146. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ हिन्द महासागर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है।

➢ यह उत्तर में भारतीय उपमहाद्वीप, पश्चिम में पूर्वी अफ्रीका, पूर्व में ऑस्ट्रेलिया तथा दक्षिण में दक्षिणी महासागर से घिरा हुआ है।

**147. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ बेंगुएला धारा एक ठंडी महासागरीय धारा है। यह दक्षिण अफ्रीका के पश्चिमी तट के सहारे उत्तर दिशा में प्रवाहित होती है।

**148. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ पृथ्वी का कुल सतही क्षेत्रफल लगभग **510 मिलियन वर्ग किलोमीटर** है। इसमें से लगभग **70.8% भाग जल** से तथा शेष **29.2% भाग स्थल** से आच्छादित है।

**149. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ क्षेत्रफल के घटते क्रम में महासागर हैं-

➢ प्रशान्त > अटलांटिक > हिन्द > आर्कटिक।

➢ दिए गए विकल्पों में यह क्रम **अटलांटिक–हिन्द–आर्कटिक–दक्षिण चीन सागर** के रूप में सही रूप से दर्शाया गया है।

**150. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ अफ्रीका को **"Cradle of Humankind"** कहा जाता है।

➢ पुरातात्विक और वैज्ञानिक शोधों से सिद्ध हुआ है कि मानव के प्राचीनतम पूर्वजों (Hominids) के अवशेष सर्वप्रथम अफ्रीका में ही पाए गए।

♦♦♦♦